पुलिस के पास एक यौन आक्रमण की रिपोर्ट करना

पुलिस के पास एक यौन आक्रमण की रिपोर्ट करना एक महत्वपूर्ण कदम होता है। यह दस्तावेज जाँच प्रक्रिया और उपलब्ध विकल्पों के बारे में बताता है जो आपको अपने निर्णय पर विचार करने में सहायता करने के लिए उपलब्ध हैं।

हम यह समझते हैं कि आपके लिए हमारे पास अपने अनुभव की रिपोर्ट करना मुश्किल हो सकता है। यौन आक्रमण की रिपोर्ट करने का निर्णय लेना एक महत्वपूर्ण निजी विकल्प होता है। इस निर्णय तक पहुँचने में आप दूसरों से सलाह और मार्गदर्शन प्राप्त करने की इच्छा रख सकते/सकती हैं।

अपने अनुभव के बारे में हमें बताने का मतलब यह नहीं है कि हम हमेशा ही जाँच आरंभ करेंगे। एक औपचारिक जाँच करने का निर्णय लेने के लिए आपके साथ विचार-विमर्श किया जाएगा और आप पर किए गए आक्रमण की परिस्थितियों को हमेशा ध्यान में रखा जाएगा।

चाहे जाँच का निर्णय कुछ भी हो, आपके ऊपर किए गए यौन आक्रमण के बारे में हमें बताना महत्वपूर्ण होता है। अपने विकल्पों पर विचार करते समय हम इस दस्तावेज़ को पढ़ने के साथ-साथ Sexual Offences and Child Abuse Investigation Team (SOCIT) से हमारे किसी विशेषज्ञ जासूस के साथ बात करने के लिए आपको प्रोत्साहित करते हैं, जो किसी भी प्रश्न या चिंता में सहायता करेंगे।

यौन आक्रमण क्या होता है?

यौन आक्रमण तब घटित होता है जब कोई व्यक्ति यौन कृत्य या कृत्यों को करने के लिए सहमत नहीं होता है। कुछ मामलों में, जैसे बच्चों के प्रति किए गए अपराधों में, सहमति एक मुद्दा नहीं होता है। यौन आक्रमण यौन व्यवहार की एक व्यापक श्रृंखला को दर्शा सकता है, जिसमें पीड़ित व्यक्ति असहज, भयभीत या धमकाए जाना महसूस कर सकता है। इसमें बलात्कार, यौन स्पर्श और बाल यौन शोषण शामिल है।

यह महत्वपूर्ण है कि आप इस बारे में चिंता न करें कि आपका अनुभव एक आपराधिक कार्य है या नहीं। यह निर्धारित करना हमारा काम है। यदि आप अपने साथ हुए किसी कृत्य के बारे में चिंतित हैं, तो हम आपको हमारे पास आने और हमसे बात करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। आपको अपने कार्यों या विकल्पों के बारे में या इस बारे में चिंता नहीं करनी चाहिए कि आपको गंभीरता से नहीं लिया जाएगा। हमारे जाँचकर्ताओं को इन जटिल घटनाओं को समझने में प्रशिक्षण प्राप्त है। हम बिना किसी आलोचना के सुनेंगे। यौन आक्रमण किसी भी रूप में गंभीर होता है और हर किसी को कानून के तहत संरक्षण पाने का अधिकार है।

जब मैं यौन आक्रमण की रिपोर्ट पुलिस को करता/करती हूँ, तो क्या होता है?

आपका कल्याण और समुदाय की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। हम आपकी तत्काल चिकित्सीय आवश्यकताओं पर विचार करेंगे और आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएंगे। हम आपको एक Centre Against Sexual Assault (CASA) से परामर्श और वकालत सहायता उपलब्ध कराएंगे और यदि आप पर यौन आक्रमण हाल ही में हुआ है, तो आपके साथ एक Crisis Care Unit में जाएंगे, जहाँ आपको एक CASA द्वारा समर्थन दिया जाएगा।

आपकी तात्कालिक चिकित्सीय और सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा कर लेने के बाद हम ध्यानपूर्वक आपके रिपोर्टिंग विकल्पों और जाँच प्रक्रिया के बारे में इस पत्रक में निहित जानकारी समझाएंगे और यदि आपकी कोई चिंताएँ हों, तो उनपर चर्चा करेंगे।

यदि आक्रमण काफी समय पहले हुआ हो, तो क्या होगा?

यौन आक्रमण की रिपोर्ट करने के लिए बहुत देर कभी नहीं होती है। पुलिस के पास एक यौन आक्रमण की रिपोर्ट करने में देरी करना कोई असामान्य बात नहीं हैं। पुलिस अक्सर ऐसे आक्रमणों की जाँच करती है जो सप्ताहों, महीनों और यहाँ तक कि सालों पहले हुए होते हैं। चाहे घटना कभी भी हुई हो, आपको इसकी रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

अपने ऊपर हुए यौन आक्रमण के बारे में पुलिस को बताना महत्वपूर्ण क्यों है?

चाहे जाँच न किए जाने का निर्णय लिया जाए, फिर भी ऐसे बहुत से कारण होते हैं जिनके लिए आपको अपने ऊपर हुए यौन आक्रमण के बारे में हमें बताना महत्वपूर्ण है।

आपके द्वारा दी गई जानकारी से हमें निम्नलिखित में मदद मिलती है:

- आपकी सुरक्षा का आकलन करना और सुरक्षित रहने में आपकी सहायता करना
- दूसरों की सुरक्षा का आकलन करना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना
- पहले रिपोर्ट किए गए यौन आक्रमणों को सुलझाने में मदद प्राप्त करना या देर से रिपोर्ट किए गए यौन आक्रमणों को सुलझाने में मदद प्राप्त करना
- सीरियल यौन अपराधियों की पहचान करना
- भविष्य में यौन आक्रमणों को रोकना और पीड़ितों की सुरक्षा करना
- समुदाय में यौन आक्रमण के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करना
- अपराध पीड़ितों और ऐसी सहायता एजेंसियों के पास आपको निर्दिष्ट करना व आपका संबंध स्थापित करना जो आपको लगातार विशेषज्ञ सहायता प्रदान करेंगे।

Authorised and published by
Victoria Police Victoria Police Centre,
637 Flinders Street, Docklands, VIC, 3008
www.police.vic.gov.au

VICTORIA POLICE

Published on September, 2015

यदि पुलिस जाँच की जाएगी, तो इसकी प्रक्रिया क्या है?

Victoria Police की प्राथमिक भूमिका अपराधों की जाँच करना और अपराधियों को गिरफ़्तार करना है। यौन आक्रमणों की जाँच विशेषज्ञ पुलिस जासूसों द्वारा की जाती है। आपके लिए जाँच एक प्राथमिक अन्वेषक द्वारा की जाएगी जो आपका संपर्क-बिंदु होगा।

जांच के दौरान हम आपको प्रगति के बारे में सूचित रखेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि आपके सवालों और चिंताओं का जवाब तुरंत दिया जाए। आप लिखित, फोन, ईमेल या व्यक्तिगत रूप से प्रगति रिपोर्टें प्राप्त करने के लिए अनुरोध कर सकते/सकती हैं।

जाँच प्रक्रिया में कई चरण होते हैं। प्रारंभिक चरण में सभी उपलब्ध प्रमाणों का संग्रह और परीक्षण शामिल होता है। प्रमाणों में वह सभी कुछ शामिल होता है जो जाँच में सहायता कर सकता है और जिसे बाद में अदालत में प्रस्तुत किया जा सकता है।

चिकित्सीय परीक्षण

अपकी रिपोर्ट की परिस्थितियों और समय-सीमा के अनुसार आपको एक फोरेंसिक चिकित्सीय परीक्षण में भाग लेने के लिए कहा जा सकता है। किसी भी तात्कालिक चिकित्सीय आवश्यकता को पूरा करने के अलावा यह प्रमाण एकत्र करने के उद्देश्य के लिए भी हो सकता है। इस परीक्षण को एक प्रशिक्षित चिकित्सीय पेशेवर द्वारा किया जाता है जिसे Forensic Medical Officer (FMO) या Forensic Nurse Examiner (FNE) कहा जाता है।

FMO/FNE किसी भी तात्कालिक चिकित्सीय आवश्यकता का आकलन और उपचार करेगा/करेगी या विशेषज्ञ चिकित्सीय सेवा के लिए आपके रेफरल की व्यवस्था करेगा/करेगी। FMO/FNE यौन संचारित संक्रमणों (एसटीआई) और गर्भावस्था से संबंधित चिंताओं पर चर्चा कर सकता/सकती है और वह जाँच में उपयोग के लिए प्रमाण एकत्र करेगा/करेगी।

आप परीक्षण के दौरान एक समर्थन व्यक्ति के उपस्थित रहने के लिए इच्छुक हो सकते/सकती हैं। यह समर्थन व्यक्ति एक परामर्शदाता, परिवार का सदस्य या मित्र हो सकता है और उसे आक्रमण का गवाह नहीं होना चाहिए।

चाहे आप रिपोर्ट करने के बारे में अनिश्चित हों, फिर भी हम आपको चिकित्सीय परीक्षण करवाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, क्योंकि हो सकता है कि आप बाद में रिपोर्ट करना चाहें। परीक्षण करवाना आपका निर्णय होता है, परंतु जाँच में सहायता के लिए प्राप्त हो सकने वाला प्रमाण समय के साथ नष्ट हो सकता है। और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.vifm.org/forensics/clinical-forensic-medicine पर जाएँ।

अपना बयान दर्ज करना

हमारे द्वारा आपका बयान लेना जाँच का एक महत्वपूर्ण पहलू है। इसे जाँच में सामान्यत: बहुत जल्दी पूरा किया जाएगा। बयान को एक निजी वातावरण में लिया जाएगा। बयान एक लिखित दस्तावेज़ होता है जिसमें आप विस्तार से घटना के बारे में क्या याद कर सकते/सकती हैं, इसे रिकॉर्ड किया जाता है। यह महत्वपूर्ण है कि बयानों में जो कुछ हुआ था वह सब शामिल किया जाए। यहाँ तक कि छोटी-छोटी बातें जिन्हें आप महत्वपूर्ण न भी समझते/समझती हों, वे भी घटना की जाँच करने में हमारी मदद कर सकती हैं।

हम जानते हैं कि आपके लिए कुछ तथ्यों को उजागर करना आसान नहीं हो सकता है, लेकिन सब कुछ बताना महत्वपूर्ण है। याद रखें, हम बिना किसी आलोचना के सुनेंगे।

यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आपको अपना बयान बनाने के लिए ज़रूरी समय दिया जाए। बयान बनाने के लिए कई घंटों की आवश्यकता हो सकती है और कभी-कभी तो कई समय-नियुक्तियों की आवश्यकता भी हो सकती है। यह महत्वपूर्ण है कि आपके पास अपना बयान देने के लिए पर्याप्त समय हो और आप सहज महसूस करें।

यदि आप पर यौन आक्रमण काफी समय पहले हुआ था, तो घटनाओं के बारे में फिर से सोचना बहुत भावुक हो सकता है। पुलिस इस प्रक्रिया में सहायता करने के लिए प्रशिक्षित होती है।

यदि आपकी आयु 18 वर्ष से कम है या आप किसी संज्ञानात्मक हानि से ग्रस्त हैं, तो आपके बयान को इलेक्ट्रॉनिक रूप में दर्ज किया जा सकता है। किसी को भी इस रिकॉर्डिंग की प्रति नहीं मिल सकती है और इसे पुलिस द्वारा सुरक्षित रूप से रखा जाता है। हम बयान के इस प्रारूप को और अधिक विस्तार से समझाएँगे और यदि यह आपके लिए लागू हो तो आपके सवालों का जवाब देंगे।

प्रमाण एकत्र करना

कुछ मामलों में हमें चोटों की तस्वीरें लेने और कपड़ों या अन्य वस्तुओं को इकट्ठा करने के लिए आवश्यकता हो सकती है जो प्रमाण उपलब्ध करा सकती हैं। प्रमाणों के रूप में ली गई चीजों को केवल उतने समय के लिए ही रखा जाएगा जब तक कि ऐसा करना आवश्यक हो। जाँच और/या अदालत की कार्यवाही पूरी हो जाने पर हम आपके साथ इस बारे में चर्चा करेंगे कि आप कौन सी चीजें वापिस चाहते/चाहती हैं या उनका निपटान करवाना चाहते/चाहती हैं।

हम घटना के बारे में जानकारी में सहायता कर सकने वाले लोगों से बयान लेते हैं। बयान देने वाले किसी भी व्यक्ति को, जिसमें एक पीड़ित के रूप में आप भी शामिल हैं, एक गवाह के रूप में जाना जाता है। अन्य व्यक्तियों में वे लोग शामिल हो सकते हैं जिन्होंने घटना को देखा हो या जो आपकी घटना के बारे में जानकारी प्रदान कर सकते हैं।

कभी-कभी पीड़ित व्यक्ति पुलिस द्वारा परिवार या करीबी दोस्तों से बात करने के प्रति अनिच्छुक रहते हैं क्योंकि यह शर्मिंदगी या चिंता का कारण हो सकता है। हम समझते हैं कि ऐसा करना आपके लिए मुश्किल हो सकता है, परंतु यह महत्वपूर्ण है कि हम पूरी तरह से अपना कार्य करें। **हम आपकी गोपनीयता का सम्मान करते हैं और गवाहों से बात करते समय हम किसी भी अनावश्यक जानकारी का खुलासा नहीं करेंगे। यदि आप ऐसे किसी व्यक्ति के बारे में परेशान या चिंतित हों जिससे हम बात करते हैं, तो हमें बताएँ और हम इन चिंताओं पर चर्चा करेंगे।**

Authorised and published by
Victoria Police Victoria Police Centre,
637 Flinders Street, Docklands, VIC, 3008
www.police.vic.gov.au

Published on September, 2015

VICTORIA POLICE

अपराधी से साक्षात्कार करना

जब संदिग्ध व्यक्ति के बारे में पता होता है या उसकी पहचान की गई होती है, तो हम उसका साक्षात्कार करेंगे। परिस्थितियों पर निर्भर करते हुए संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में रखा जा सकता है। अन्य अवसरों पर संदिग्ध व्यक्ति को आगे की कुछ लंबित जाँच के आधार पर छोड़ दिया जाएगा। जाँच के हरेक स्तर पर आपकी सुरक्षा पहली प्राथमिकता होगी।

जाँच के समापन पर एकत्र किए गए सभी प्रमाणों को एक ऐसे व्यक्ति द्वारा जाँचा जाएगा जिसे विशेष रूप से अदालत में आगे बढ़ सकने वाले मामलों के बारे में निर्णय लेने में प्रशिक्षण प्राप्त होगा। निर्णय सावधानी से विचार करने के बाद लिया जाता है और उपलब्ध प्रमाण और कानून के नियमों पर आधारित होता है।

अदालत की प्रक्रिया और गवाह समर्थन

यदि आपका मामला अदालत में जाता है तो आपके लिए अनेक समर्थन सेवाएँ उपलब्ध हैं। Office of Public Prosecution's (OPP) Witness Assistance Service और Child Witness Service इन सेवाओं के उदाहरण हैं। वे अदालत की प्रक्रिया के दौरान पीड़ित व्यक्तियों और गंभीर अपराध के शिकार लोगों के परिवारों को सहायता प्रदान करते हैं। हम OPP के साथ नज़दीकी से मिलकर काम करते हैं और यदि ज़रूरी हुआ तो विशेषज्ञ समर्थन सेवाओं के प्रति निर्दिष्ट कर सकते हैं।

और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.opp.vic.gov.au/witnesses-and-victims पर जाएँ।

आपको अदालत की प्रक्रिया का प्रत्येक चरण समझाया जाएगा। पीड़ितों के आघात को कम करने के लिए यौन आक्रमण के पीड़ितों के लिए विशेष व्यवस्थाएँ उपलब्ध हैं। आघात को कम करने के लिए उपलब्ध सुविधाओं में से एक सुविधा दूरस्थ गवाह की है। यह एक क्षेत्र होता है जिसमें मौजूद पीड़ित व्यक्ति एक कैमरे के माध्यम से साक्ष्य देता है जिसे अदालत में प्रेषित किया जाता है, जिससे कि आरोपी व्यक्ति पीड़ित व्यक्ति के 'आमने-सामने' न आ सके।

और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.victimsofcrime.vic.gov.au पर जाएँ।

यदि मामला अदालत के लिए आगे न जाए, तो क्या होगा?

सभी जाँचें अदालत के लिए आगे नहीं जाती हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि हमें आप पर विश्वास नहीं है। इसका मतलब बस यह है कि हमारे पास आपराधिक मुकदमा चलाने हेतु आवश्यक स्तर को पूरा करने के लिए पर्याप्त प्रमाण नहीं हैं। यदि ऐसा होता है, तो आपको इसके बारे में सलाह दी जाएगी और आपको कारण समझाए जाएंगे। जाँच के दौरान एकत्र किए गए प्रमाण को सुरक्षित रूप से संग्रहित किया जाएगा।

इसके बावजूद भी यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप पुलिस को पूरी घटना बताएँ और हम पूरी तरह से आपकी रिपोर्ट की जाँच करें। कुछ प्रकरणों में आपकी रिपोर्ट के बारे में और अधिक प्रमाण बाद में उपलब्ध हो सकते हैं। यदि ऐसा होता है, तो हम जाँच की समीक्षा करने और अभियोजन पर विचार कर सकते हैं।

यदि मैं और आगे न बढ़ना चाहूँ, तो क्या होगा?

Victoria Police की यह भूमिका है कि चाहे परिस्थितियाँ कुछ भी हों, वे आपको प्रोत्साहन और समर्थन देंगे। परंतु हम समझते हैं कि आपके लिए कुछ ऐसे कारण हो सकते हैं जिनकी वजह से आपको लगे कि पुलिस जाँच इस समय आपके लिए सबसे अच्छा विकल्प नहीं है। आप कुछ समय की अवधि के लिए औपचारिक रिपोर्टिंग को स्थगित करने का चयन भी कर सकते/सकती हैं या हमारे साथ आगे कोई भी व्यवहार न करने का निर्णय ले सकते/सकती हैं।

आगे न बढ़ने का निर्णय आपको भविष्य में आगे न बढ़ने से वंचित नहीं करता है। परंतु जाँच में देरी करने से कुछ प्रमाण का नुकसान हो सकता है। चाहे आपका निर्णय कुछ भी हो, आपकी सुरक्षा और कल्याण को फिर भी ध्यान में रखा जाएगा और हम आपको ऐसी अन्य एजेंसियों के प्रति भी निर्दिष्ट कर सकते हैं जो आपको समर्थन दे सकती हैं।

कुछ परिस्थितियों में जहाँ समुदाय की सुरक्षा को ख़तरा होता है, हमें आगे जाँच करने की ज़रूरत हो सकती है। आपकी सुरक्षा और कल्याण हमारी प्राथमिकता बनी रहेगी।

समर्थन और कल्याण के बारे में जानकारी

यौन आक्रमण के सभी पीड़ित व्यक्ति यौन आक्रमण समर्थन सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। हम आपको नि:शुल्क रूप से आपको प्रस्तुत किए जाने वाले केन्द्रों और सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे। समर्थन के प्रकार अलग-अलग हो सकते हैं और इनमें निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:

- कम, मध्यम और लंबी अवधि का फॉलो-अप परामर्श और समर्थन
- जाँच और अदालत की प्रक्रिया के दौरान सूचना और समर्थन
- चिकित्सीय सहायता और फॉलो-अप चिकित्सीय उपचार
- आपातकालीन आवास
- Victims of Crime Assistance Tribunal के लिए आवेदन
- मित्रों और परिवार के सदस्यों के लिए सूचना और परामर्श

आपका Sexual Offences and Child Abuse Investigation Team (SOCIT) जासूस या Centre Against Sexual Assault (CASA) सलाहकार आपके लिए आवश्यक समर्थन और सहायता प्राप्त करने में आपकी मदद कर सकता है।

और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइए www.casa.org.au पर जाएँ।

Authorised and published by
Victoria Police Victoria Police Centre,
637 Flinders Street, Docklands, VIC, 3008
www.police.vic.gov.au

VICTORIA POLICE

Published on September, 2015

मैं और किस व्यक्ति से बात कर सकता/सकती हूँ?

यदि आप जाँच प्रक्रिया के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहते/चाहती हैं, तो आप एक SOCIT जासूस के साथ बात कर सकते/सकती हैं। आप निम्नलिखित एजेंसियों से भी और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते/सकती हैं:

Centres Against Sexual Assault
टे: 1800 806 292
www.casa.org.au

Centres Against Sexual Assault यौन आक्रमण की पीड़ित और उत्तरजीवी महिलाओं, बच्चों और पुरुषों के लिए नि:शुल्क परामर्श और समर्थन प्रदान करते हैं। कार्यकाल में अपने सबसे नज़दीक के CASA तक पहुँच प्राप्त करने के लिए 1800 806 292 पर फोन करें।

कार्यकाल के बाद Sexual Assault Crisis Line
टे: 1800 806 292

कार्यकाल के बाद Sexual Assault Crisis Line (SACL) किसी भी समय यौन आक्रमण के सभी पीड़ितों के लिए एक राज्य-व्यापी संकट परामर्श और समर्थन सेवा प्रदान करती है और यौन आक्रमण के हाल के पीड़ितों/उत्तरजीवियों के लिए CASA के साथ कार्यकाल के बाद संकट-देखभाल प्रतिक्रियाओं का सँयोजन करती है। SACL सप्ताह के कार्यकारी दिवसों में शाम के 5 बजे से लेकर अगले दिन सुबह के 9 बजे तक और सप्ताहाँतों व सार्वजनिक छुट्टियों के दौरान पूरे समय चालू रहती है।

National Sexual Assault, Domestic Family Violence Counselling Service
टे: 1800 737 732 (1800RESPECT)
www.1800RESPECT.org.au

National Sexual Assault, Domestic Family Violence Counselling Service दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन एक देशव्यापी टेलीफोन और ऑनलाइन परामर्श सेवा है जो अतीत और हाल में यौन आक्रमण और/या घरेलू हिंसा के शिकार/उत्तरजीवी लोगों के लिए समर्थन उपलब्ध कराती है। यह दुभाषिया और सांकेतिक भाषा (Auslan) सेवा भी उपलब्ध कराती है।

Department of Justice and Regulation – Victims of Crime
टे: 1800 819 817
www.victimsofcrime.vic.gov.au

न्याय और विनियमन विभाग (Department of Justice and Regulation) सप्ताह में 7 दिन सुबह के 8 बजे से लेकर रात के 11 बजे तक नि:शुल्क जानकारी और सहायता उपलब्ध कराता है। वे अपराध की रिपोर्टिंग के बारे में जानकारी और सलाह तथा आपके अधिकारों, अदालत की प्रक्रिया और आपकी मदद करने वाली अन्य सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। वे आपको मुआवज़े और वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करने में भी मदद दे सकते हैं।

Safe Steps – Family Violence Response Centre
टे: 1800 015 188
www.safesteps.org.au

Safe Steps (जिसे पहले Women's Domestic Violence Crisis Service कहा जाता था) उन महिलाओं और बच्चों के लिए एक राज्य-व्यापी सेवा है जो किसी जीवनसाथी या पूर्व जीवनसाथी, परिवार के किसी अन्य सदस्य या किसी नज़दीकी व्यक्ति द्वारा हिंसा और शोषण का सामना कर रहे हैं। वे महिलाओं और बच्चों को हिंसा से मुक्त बनने व मुक्त बने रहने के लिए कई प्रकार की समर्थन सेवाएँ प्रदान करते हैं। पारिवारिक हिंसा का सामना कर रही महिलाएँ दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन कॉल कर सकती हैं और किसी अन्य महिला से पारिवारिक हिंसा समर्थन सेवाएं, कानूनी अधिकारों और आवास विकल्पों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए गोपनीय तरीके से बात कर सकती हैं।

Women's Legal Service Victoria
टे: 03 8622 0600 (मेट्रो) या 1800 133 302 (ग्रामीण क्षेत्र)
www.womenslegal.org.au

Women's Legal Service Victoria प्रतिकूल परिस्थितियों का अनुभव करने वाली उन महिलाओं को सहायता प्रदान करती है जो संबंध टूटने और हिंसा के कारण कानूनी मुद्दों का सामना कर रही हैं। वे पारिवारिक हिंसा और निजी सुरक्षा हस्तक्षेप के आदेशों, बच्चों की हिरासत और उन तक पहुँच, अलगाव के बाद संपत्ति के विभाजन, अलगाव और तलाक तथा अपराध के शिकार के आवेदनों जैसे मुद्दों में सहायता कर सकते हैं। कर्ज़, वित्तीय कठिनाई या संबंध टूटने के बाद वित्तीय अधिकारों तक पहुँचने में समस्याओं का सामना करने वाली महिलाओं के लिए वित्तीय सलाह भी उपलब्ध है।

आपकी स्थानीय Sexual Offences and Child Abuse Investigation Team (SOCIT) है:

____

अन्वेषक: ____________________________________

फो: ______________________________________

याद रखें, आपातकाल में ट्रिपल ज़ीरो (000) डायल करें

Authorised and published by
Victoria Police Victoria Police Centre,
637 Flinders Street, Docklands, VIC, 3008
www.police.vic.gov.au

VICTORIA POLICE

Published on September, 2015